हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, सोमवार, 27 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 32.8 डिग्री

न्यूनतम 15.4 डिग्री


12 चीफ इंजीनियर ने सुनी व्यापारी व उद्योगपतियों की समस्याएं





12 ध्यान व स्वास्थ्य पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन




क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई उड़ान

आज़ाद नगर में अर्बन हेल्थ सेंटर और हाईस्कूल के अपग्रेडेशन का काम जल्द होगा शुरू

# मुख्यमंत्री ने नलवा रैली में लगाई घोषणाओं की झड़ी

## 140 करोड़ रुपये से सौर ऊर्जा आधारित माइक्रो इरिगेशन परियोजनाओं की होगी शुरुआत



हिसार। रैली में जनता का अभिवादन करते मुख्यमंत्री नायब सैनी, विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई एवं अन्य।





हिसार। नलवा धन्यवाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी का स्वागत करते आयोजक व मंचासीन वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु व पूर्व मंत्री डा.कमल गुप्ता।



हिसार। रैली में उमड़ी भीड़। फोटो : हरिभूमि

- भिवानी ड्रेन और रतेरा तलवंडी चैनल के लिए 322 करोड़ रुपये की विकास परियोजना की घोषणा की
- पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल के नाम पर एक करोड़ रुपये से होगा प्रवेश द्वार का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नलवा विधानसभा क्षेत्र के लिए कई महत्वाकांक्षी विकास परियोजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आज़ाद नगर में अर्बन हेल्थ सेंटर का निर्माण जल्द शुरू होगा। पनिहार चक में भूमि उपलब्ध होने पर सब हेल्थ सेंटर खोला जाएगा और आज़ाद नगर के एक प्राइमरी स्कूल को हाई स्कूल में अपग्रेड किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को पनिहार फार्म पर आयोजित नलवा धन्यवाद रैली को संबोधित कर रहे थे।

### मार्केटिंग बोर्ड की सड़कें और ग्रामीण विकास के लिए क्षेत्र को 5-5 करोड़ रुपये

*नायब सिंह सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल के नाम पर नलवा विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश द्वार निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये और खेतों की 25 किलोमीटर रास्तों को पक्का करने की घोषणा की गई। इसके अलावा, नलवा विधानसभा क्षेत्र में मार्केटिंग बोर्ड की सड़कें और ग्रामीण विकास के लिए क्षेत्र को 5-5 करोड़ रुपये जारी करने की भी घोषणा की।*

### कुलदीप बिश्नोई व रणधीर पनिहार से संयुक्त रूप से किया स्वागत

नलवा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित भव्य धन्यवाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पहुंचने पर विधायक रणधीर पनिहार तथा पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने संयुक्त रूप से गर्मजोशी से स्वागत किया। पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार प्रदेश के सभी वर्गों और क्षेत्रों के संतुलित विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि गरीब तबके के लोगों के उत्थान और जनकल्याण के लिए राज्य सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की हैं, जिनका सीधा लाभ आमजन को मिल रहा है।

### सीएम ने विपक्षियों को बेरोजगार किया : कुलदीप

कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इतना काम किया है कि उन्होंने विपक्षियों को बेरोजगार कर दिया है। इसलिए उनके नाम के आगे अब बेरोजगार लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नलवा के विकास के लिए विधायक रणधीर पणिहार निरंतर प्रयासरत हैं। हर समय वो लोगों के काम के लिए तत्पर रहते हैं। इस क्षेत्र में चौधरी भजन लाल के समय विकास हुआ उनके शासनकाल के स्वर्णिम दौर को वापिस लाने का प्रयास हम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी राज्य के हर वर्ग की उन्नति के लिए काम कर रहे हैं।

### मंगाली सब तहसील, बालसमंद तहसील और आदमपुर उपमंडल में होंगे अपग्रेड

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगाली को सब तहसील, बालसमंद को तहसील और आदमपुर को उपमंडल दर्जा देने के प्रस्ताव पर कहा कि राज्य सरकार ने इसके लिए एक कमेटी का गठन किया है। संबंधित आवेदन कमेटी को प्रस्तुत किए जाने पर इस मांग को पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही, सिवानी उपमंडल को भिवानी जिले से हिसार जिले में शामिल करने के लिए आवश्यक फिजिबलिटी चेक करवाने के बाद नॉर्म्स पुरे होने पर इसे हिसार जिले में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पनिहार चक में पीने के पानी की समस्या के समाधान के लिए रावलवास सब माइनर पर वॉटर पंपिंग स्टेशन के निर्माण के लिए 4.72 करोड़ रुपए जारी किए जाएंगे। आज़ाद नगर कैमरी रोड (वार्ड 18 व 19), पटेल नगर (वार्ड 16) में सीवरेज और बरसाती पानी निकासी की व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए 33 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। ओपी जिंदल माइनर का विस्तार 1.43 करोड़ रुपये से किया जाएगा, जबकि रतेरा तलवंडी खरीफ चैनल पाइपलाइन परियोजना 32.19 करोड़ रुपये की लागत से चालू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि बालसमंद बराह क्लस्टर में 33.24 लाख रुपये और पनिहार-चौधरीवास क्लस्टर में 106 करोड़ रुपये से सौर ऊर्जा आधारित माइक्रो इरिगेशन परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बाढ़ से हुए नुकसान को देखते हुए 322 करोड़ रुपये की लागत से भिवानी ड्रेन की क्षमता बढ़ाने और रतेरा तलवंडी खरीफ चैनल के लिए पानी उपलब्ध कराने की परियोजना भी बनाई जाएगी। उन्होंने नलवा क्षेत्र के खालों की मरम्मत, हिसार घग्घर ड्रेन की क्षमता वृद्धि, पटरी पक्का करने और कैमरी, गंगवा, पातन, आर्य नगर, मात्रश्याम और शाहपुर के आबादी क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार ड्रेन को पक्का करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नलवा क्षेत्र की 215 किलोमीटर लंबी 61 सड़कें डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड में होने के कारण आवश्यकतानुसार ठीक करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि 46 किलोमीटर की 10 सड़कों पर तेजी से काम चल रहा है। उन्होंने 186 किलोमीटर की 56 सड़कें 93 करोड़ रुपये की लागत से विशेष मरम्मत करवाने की भी घोषणा की। साथ ही, मार्केटिंग बोर्ड की 85.49 किलोमीटर की 21 सड़कों, जो डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड में हैं, को भी आवश्यकतानुसार ठीक कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 20.79 किलोमीटर की 5 सड़कें 2.46 करोड़ रुपये से 31 अक्टूबर तक विशेष मरम्मत की जाएगी।



हिसार। रैली में मुख्यमंत्री को कृषि यंत्र भेंट करते विधायक रणधीर पनिहार।



हिसार। बैलगाड़ी से रैली स्थल पर जाते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### ये रहे रैली में

धन्यवाद रैली में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई, रैली संयोजक एवं नलवा विधायक रणधीर पनिहार, हिसार विधायक सावित्री जिंदल, मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, पूर्व राज्यसभा सांसद जनरल डीपी वत्स, पूर्व मंत्री अनूप धानक, पूर्व विधायक जोगीराम सिहाग, पूर्व विधायक दूड़ाराम, बीजेपी महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, मेयर प्रवीण पोपली, हिसार जिलाध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, हांसी जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा, बीजेपी हिसार प्रभारी जवाहर सैनी, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, संजीव रेवड़ी, हनुमान वर्मा तथा उपायुक्त अनीश यादव, पुलिस अधीक्षक शंशाक कुमार सावन, नगर निगम आयुक्त नीरज सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### विधायक पनिहार ने रखी क्षेत्र की मांगें



हिसार। मुख्यमंत्री को मांगपत्र सौंपते रैली के संयोजक एवं विधायक रणधीर पनिहार। फोटो : हरिभूमि

विधायक रणधीर पनिहार ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने नलवा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। विधायक पनिहार ने कहा कि नलवा क्षेत्र में सडकों का जाल बिछाया गया है, शिक्षा संस्थानों का विस्तार हुआ है, स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ हुई हैं और किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों व योजनाओं का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी की नीतियां गांव, गरीब, किसान, मजदूर और नौजवानों के हित में हैं, जिससे हर वर्ग को न्याय और अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर विधायक रणधीर पनिहार ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि क्षेत्र में विकास की इस रफ्तार को और गति दी जाए। उन्होंने कुछ नई मांगें रखते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सडकों का पुनर्निर्माण, खेल स्टेडियमों का निर्माण, पेयजल आपूर्ति योजनाओं का विस्तार और युवाओं के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की जाए।

### मंगाली होगा महाग्राम में शामिल

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मंगाली की पांचों पंचायतों द्वारा सहमति देने पर मंगाली को महाग्राम के अंदर शामिल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संबंधित ग्राम पंचायत हमें कलेक्टर रेट के ऊपर भूमि उपलब्ध करने पर मंगाली से रावतखेड़ा रोड को पायल गांव से जोडने के लिए सडक का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने फिजिबलिटी चेक करवा कर बालसमंद रोड को हिंदवान मोड से राजस्थान मोड तक फोर लेन करने और कैमरी माइनर के साथ-साथ तोशाम रोड से कैमरी गंगवा लिंक रोड वाया कैमरी रोड अंडरग्राउंड माइनर तथा सडक निर्माण करवाने की भी घोषणा की।



हिसार। मुख्यमंत्री को समस्याएं बताते डॉ. दीपक बामल। फोटो : हरिभूमि

### मुख्यमंत्री को करवाया हरियाणा विश्वविद्यालयों के पार्ट टाइम टीचर्स की समस्याओं से अवगत

**हिसार।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज पार्ट टाइम टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दीपक बामल ने मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात कर एसोसिएशन की मांगों को लेकर चर्चा की। डॉ. दीपक बामल ने सरकार द्वारा गठित कमेटी की रिपोर्ट को लागू करवाने की मांग रखते हुए कहा कि लंबे समय से पार्ट टाइम शिक्षकों को स्थायी समाधान की प्रतीक्षा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि सरकार इस दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है और संबंधित विभाग उसका विश्लेषण कर रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार शीघ्र ही रिपोर्ट की सिफारिशों को लागू करने पर निर्णय लेगी।

- पति ने शराब के नशे में किया झगड़ा और मारपीट

## घरेलू कलह के चलते महिला ने निगला जहर, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उपमंडल के एक गांव में घरेलू कलह के चलते एक 30 वर्षीय महिला द्वारा जहर निगल लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। महिला द्वारा जहर निगल लिए जाने के बाद विवाहिता के पति व उसके ससुर ने उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि महिला अपने पति की शराब पीने तथा उसके साथ मारपीट करने से तंग आ चुकी थी। शनिवार शाम को उसने घर में रखी गेहूं में रखी गई गोली खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाहिता शाम को खेतों में काम कर घर लौटी थी, तभी उसके पति ने शराब के नशे में उसके साथ झगड़ा और मारपीट की। इससे परेशान होकर महिला ने घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। महिला की हालत बिगड़ गई।



हांसी। नागरिक अस्पताल में भर्ती जहरीले पदार्थ का सेवन करने वाली महिला। फोटो : हरिभूमि

### 9 साल पहले हुई थी शादी, दो छोटे बच्चे

जानकारी के अनुसार, महिला की शादी करीब 9 वर्ष पहले हुई थी। उसके सात और चार साल के दो बच्चे हैं। रविवार को अस्पताल पहुंचे मायके पक्ष ने बताया कि महिला का पति घर का खर्च नहीं उठाता है और दिन भर नशे में रहता है, जिससे वह मजबूर होकर दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रही थी।

### ससुराल वालों पर आरोप

घटना की सूचना मिलते ही महिला के परिजन नागरिक अस्पताल पहुंचे। नागरिक अस्पताल में महिला के परिजनों ने उसके ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए और कहा कि पति की शराब की लत और मारपीट के कारण ही महिला ने यह कदम उठाया।

### आस्था का पर्व छठ महाव्रत आज, जिंदल सरोवर सजकर तैयार

## पूर्वांचल समाज के लोगों ने पकवान बनाकर किया खरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लोक आस्था के पर्व छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार को खरना किया गया। समिति से जुड़े हजारों घरों में विभिन्न तरह के पकवान बनाये गये। दिनभर उपवास रखकर सायंकाल सूर्य भगवान की पूजा करके खीर और पूरी का भोग लगाकर अपने घरों में हवन करके सूर्य भगवान के नाम पर 108 मंत्रों की आहुति दी गई। पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति के महासचिव आचार्य मुरलीधर पांडेय व कोषाध्यक्ष आचार्य शिवपूजन मिश्र ने बताया कि 27 अक्तूबर को छठ महापर्व के दिन जिंदल पार्क, मिल गेट स्थित जिंदल सरोवर में अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को त्रिवेणी के जल व गाय के दूध से अध्र्य दिया जाएगा। इसके लिये बाजार में पूजा-अर्चना के लिये जमकर खरीददारी की गई। लोगों ने कद्दू, ठेंकूवा, ईख, गुना, मौसमी फल, सीताफल, मूली, हल्दी, अदरक, सोने-चांदी, पीतल एवं बांस (छाज-सूप) आदि की खरीददारी की। जिंदल सरोवर सजकर तैयार हो गया है।

28 अक्तूबर को प्रातः उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने उपरांत महापर्व सम्पन्न हो जाएगा।





हिसार। बाजार में खरना के दिन पूजा का सामान खरीदते छठव्रती तथा मिल गेट स्थित जिंदल सरोवर पार्क में भरा पानी। फोटो : हरिभूमि

### विधायक सावित्री जिंदल होंगी मुख्यातिथि

समिति के कोषाध्यक्ष आचार्य शिवपूजन शास्त्री ने बताया कि 27 अक्तूबर को सायं 4 बजे हरियाणा की पूर्व मंत्री व हिसार की विधायक सावित्री जिंदल मुख्यातिथि के रुप में भाग लेंगी। अध्यक्षता डॉ. राधेश्याम शुक्ल करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रुप में केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा व समाजसेवी प्रेम प्रकाश बिश्नोई, जगान वाले उपस्थित होंगे।

### ये रहेगा कार्यक्रम

समिति के सहसचिव रविन्द्र सिंह एवं कानूनी सलाहकार अर्चना पांडेय ने बताया कि चार दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन 27 अक्तूबर को प्रातः 6 बजे शंख ध्वनि के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक घाट पूजन एवं घाट संरक्षण का कार्यक्रम चलेगा। 12 बजे से दोपहर बाद 2 बजे तक सवा क्विंटल गन्ना, फूलमाला एवं छठ माता का श्रृंगार किया जाएगा। 2 बजे से सूर्य षष्ठी महायज्ञ प्रारंभ किया जाएगा। सूर्य षष्टी महायज्ञ होगा जिसमें कांशी, अयोध्या, वृंदावन, हरिद्वार से आए हुए विद्वानों द्वारा आदित्य हृदय स्तोत्र तथा सूर्य संहिता के विशेष मंत्रों द्वारा हवन एवं पाठ किया जाएगा।

## पुलिस अधिकारी बनकर 2.20 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- आरोपियों से तीन मोबाइल बरामद, एक आरोपी रिमांड पर

साइबर थाना पुलिस टीम ने साइबर ठगी के एक गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से तीन मोबाइल फोन बरामद हुए है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से पूछताछ के लिए एक आरोपी को रिमांड पर भेज दिया गया। एनसीसीआरपी पोर्टल से 2 लाख 20 हजार रुपये की ठगी के बारे में शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने सोशल मीडिया पर एक उत्पाद का विज्ञापन देखा और उसे ऑनलाइन मंगवाया व उस उत्पाद को वापस कर दिया। 9 सितंबर 2025 की शाम शिकायतकर्ता के पास एक व्यक्ति ने खुद को दिल्ली पुलिस अधिकारी जोगिंद्र बताकर फोन किया और कहा कि तुमने डॉक्टर से जो दवाई मंगवाई थी उसका दुष्प्रचार कर रहे हो। डॉक्टर ने तुम्हारे खिलाफ पुलिस ने शिकायत दी है। आरोपियों ने खुद को डॉक्टर विक्रम चौहान बताकर शिकायतकर्ता को धमकाकर गूगल पे के माध्यम से कुल 2 लाख 20 हजार 850 रुपये ठग लिए। साइबर थाना पुलिस ने तकनीकी जांच और बैंक खातों की जानकारी के आधार पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान दिल्ली निवासी गगनपाल, सतेन्द्र मुकुंद और योगेश के रूप में हुई। आरोपी योगेश ने अपने आप को पुलिस अधिकारी बताकर फोन किया था।



# करण की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे भुवन बाम

**मुंबई।** यूट्यूबर से अभिनेता बने भुवन बाम अब ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड में अपने बड़े डेब्यू को तैयार हैं। पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भुवन बाम करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अब खुद भुवन बाम ने ये कंफर्म कर दिया है और अपने इस बिग डेब्यू पर खुशी भी जताई है। भुवन ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया है। भुवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्मा के साथ साइन किए गए आर्टिस्ट एग्रीमेंट की एक तस्वीर शेयर की और अपने सपने के सच होने पर अपनी खुशी जाहिर की। अपने कैप्शन में उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने का आग्रह किया।

लाइफ Style

# उर्वशी



बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला नैनीताल और अल्मोड़ा में अपने होमस्टेट का आनंद लेती दिखीं। उन्होंने नैनी झील में बोटिंग की, पहाड़ी व्यंजन चखे और जागेश्वर धाम, गोल्ज्यू मंदिर व कैंची धाम आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फैंस ने उनके साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ भी लिए. उर्वशी ने अपनी आने वाली फिल्मों और साउथ प्रोजेक्ट्स की अपडेट भी साझा की।

## जागेश्वर धाम मंदिर में रुद्राभिषेक कर लिया आशीर्वाद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

31 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों उत्तराखंड की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं। रविवार को उर्वशी ने न सिर्फ नैनी झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया, बल्कि पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन का स्वाद भी चखा। इससे पहले उर्वशी अल्मोड़ा के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उर्वशी रौतेला अल्मोड़ा के चितई गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम आश्रम भी गईं। यहां उर्वशी ने नीम करौरी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान उर्वशी ने नैनीझील में वोटिंग का लुफ्त उठाया। उर्वशी को देखने के लिए नैनीझील पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उर्वशी रौतेला के साथ फोटो भी खींचवाई. इतना ही नहीं, उर्वशी के फैंस उनका ऑटोग्राफ भी लिया। उर्वशी ने अपने फैंस से बातचीत की और बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे माहौल और भी उत्साही बन गया। बता दें, उर्वशी का पहाड़ों से हमेशा लगाव रहा है इस लिए वो आकर यहां आती रहती है। उन्होंने कहा कि नैनीताल का शांत वातावरण और मौसम उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने इसे अपना 'नौनिहाल' बताते हुए बचपन की यादों से जोड़कर अपनी भावनाएं साझा कीं।

हॉलीवुड मसाला

# शादी के बाद रिलीज किया पहला गाना



**लॉस एंजिल्स।** गायिका और अभिनेत्री सेलेना गोमेज ने एक बार फिर अपने फैंस के लिए एक नया वीडियो पेश किया है। गोमेज ने शादी के बाद इस हफ्ते की शुरुआत में 'इन द डार्क' नाम के नए गाने को रिलीज किया है। उन्होंने इसका वीडियो भी जारी किया है। यह गाना 'नोबडी वांट्स दिस सीजन 2: द साउंडट्रैक' का हिस्सा है, जिसमें क्रिस स्टेपलटन, केसी मुसग्रेव्स और फिननेस जैसे कलाकार भी शामिल हैं। ल्यूक ऑरलैंडो द्वारा निर्देशित इस वीडियो में, गोमेज पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहने हुए बड़ी, खुली जगहों से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं।



# भारत में चौथी बार कॉन्सर्ट करने आ रहे रैपर पिटबुल

**लॉस एंजिल्स।** अंतरराष्ट्रीय रैपर और सिंगर पिटबुल दिसंबर महीने में एक बार फिर भारतीय दर्शकों के सामने लाइव परफॉर्म करने आ रहे हैं। 'मिस्टर वर्ल्डवाइड'के नाम से मशहूर पिटबुल अपने नए टूर 'आई एम बैक' के तहत भारत के दो बड़े शहरों- गुरुग्राम और हैदराबाद में परफॉर्म करेंगे। इस म्यूजिकल टूर की शुरुआत 6 दिसंबर को गुरुग्राम के हुडा ग्राउंड से होगी, जिसके बाद 8 दिसंबर को पिटबुल हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में परफॉर्म करेंगे। पिटबुल का असली नाम आर्मांडो क्रिश्चियन पेरेज है। दुनिया भर में वह अपने हिट गानों 'टिंबर', 'होटल रूम सर्विस' और 'नो लो ट्राटेस' के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्होंने भारत में इससे पहले 2011, 2017 और 2019 में परफॉर्म किया था और हर बार उनके कॉन्सट्र्स में दर्शकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला था।



# पिंजर की रिलीज को पूरे हुए 22 साल

**नई दिल्ली।** उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी की साल 2003 में फिल्म पिंजर आई थी। रविवार को इस फिल्म की रिलीज को 22 साल पूरे हो चुके हैं। पिंजर बॉलीवुड की बेहतरीन और क्लासिक कल्ट फिल्मों में शामिल है। इसमें उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी ने अपने शानदार अभिनय से खूब वाहवाही लूटी थी। पिंजर को क्रिटिक्स ने खूब सराहा था। इसे काफी पसंद किया गया था। इसका निर्देशन चाणक्य जैसा कालजयी सीरियल बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 1947 में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे पर आधारित थी। 22 साल पहले आई इस फिल्म में कलाकारों के अभिनय को काफी सराहा गया था. अगले साल इसने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीता था। लेकिन, बॉक्स-ऑफिस पर ये मूवी औंधे मुंह गिरी थी।



# ये रोमांटिक गीत दिल को पहुंचाता है सुकून

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर हेमलता के गानों के करोड़ों लोग फैन हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन और यागदार गानों की सौगात दी है। 1978 में आए इस गाने को सिंगर हेमलता ने अपनी आवाज से सजाया था और रविंद्र जैन ने लिखा और इसे कंपोज किया था। यह गाना सचिन पिलगांवकर और रंजीता कौर पर फिल्माया गया था। गाने को उस वक्त जितना पसंद किया गया था यह आज भी उतना ही लोगों के दिलों पर राज करता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है अंखियों के झरोखों से। जी हां अंखियों के झरोखों से एक ऐसा गाना है जिसे आज की जनरेशन भी उतना ही पसंद करती है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 228 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सॉन्ग आज भी कितना पॉपुलर है।

टीवी मसाला




# सतीश को साराभाई वर्सेस साराभाई की टीम ने दी अंतिम विदाई...

**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर को सीनियर एक्टर सतीश शाह ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की वजह किडनी फेलियर बताई गई। 26 अक्तूबर को उनका अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर उनके पॉपुलर शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की लीड कास्ट भी उन्हें श्रद्धांजलि देने साथ आई और उन्हें आखिरी सैल्यूट देते हुए अपने शो का टाइटल ट्रैक 'साराभाई वर्सेज साराभाई' गाया। इस गाने को गाते हुए रुपाली गांगुली बुरी तरह इमोशनल दिखीं और गाना खत्म होने के बाद तो वो खुद को संभाल ही नहीं पाईं। वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखें नम थीं। राजेश कुमार भी खुद को संभालने के हालात में नहीं थे। सतीश शाह के निधन के बाद जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कि उन्होंने अपने पिता को खो दिया है। अनुपम खेर ने भी एक वीडियो शेयर कर सतीश के प्रति अपना प्यार और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अनुपम खेर ने बताया कि सतीश सेट पर हमेशा सभी को हंसाया करते थे और जनरल नॉलेज के मामले में तो कोई उनका सानी नहीं था। वह हर एक सवाल पर जवाब देते थे. शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब वो जवाब देने में नाकाम रहे हों। सतीश के दोस्त सचिन पिलगांवकर ने बताया कि उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट केवल इसलिए करावाया था, क्योंकि वे अपनी जिंदगी बढ़ाना चाहते थे ताकि पत्नी मधु शाह की देखभाल कर सकें। क्योंकि, उनकी पत्नी अल्जाइमर से जूझ रही हैं।

## मृदुल की हरकत पर आगबबूला हुए सलमान

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते शनिवार-रविवार को बिग बॉस 19 में वीकएंड का वार होता है, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान आते हैं और प्रतियोगियों की हफ्ते भर की रिपोर्ट पेश करते हैं। शनिवार को अभिनेता ने कंटेस्टेंट को जमकर फटकार लगाई, जिसमें एक्टर सबसे ज्यादा मृदुल तिवारी पर भड़के। इसके अलावा सलमान ने मृदुल की हरकतों पर कहा कि बिग बॉस के घर में किसी की जान जा सकती थी। सलमान खान ने वीकएंड का वार में मृदुल तिवारी से कहा, 'आपने जो किया वो मजाक नहीं था। आपने पहले खुद अशनूर को छेड़ा, कि वो आपको पूल में डाले। फिर आप माइक निकालकर खुद तैयार हो गए। जब अशनूर ने ये किया तो आपने बदला लेना चाहा। मैं आपके बचकाने गेम्स के बारे में बीच में नहीं बोलता। लेकिन, आपके गेम्स की वजह से ना ही सिर्फ माइक्स खराब हुए, बल्कि आपने अशनूर पर तब पानी डाला जब उनके हाथ में एक हेयर ड्रायर था।' सलमान खान ने आगे कहा, 'आपको पता नहीं है कि हेयर ड्रायर में पानी चला जाता, तो क्या हो सकता था।'



# कांतारा-2 बनी साल की सबसे कमाऊ फिल्म, 'छावा' का रिकॉर्ड तोड़ा

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है। यह इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों में नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो चुकी है। विक्की कौशल अभिनीत 'छावा' को धकेलकर 'कांतारा 2' ने यह स्थान कब्जाया है। अब तक 'छावा' इस साल की नंबर वन फिल्म थी। मगर, अब 'कांतारा चैप्टर 1' ने यह जगह छीन ली है।

***25 दिनों में किया करिश्मा :*** 'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के मामले में यह फिल्म पहले नंबर पर आ गई है। प्राप्त आंकड़ों में इसने अब तक 867 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है। फिल्म ने यह कारनामा अपनी रिलीज के 25 दिन के भीतर कर दिखाया है।

***टॉप 10 की लिस्ट में चार हिंदी फिल्में***



***शामिल :*** इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 भारतीय फिल्मों में अब 'छावा' दूसरे नंबर पर हो गई है। वहीं, इस साल युवाओं के बीच लोकप्रियता बटोरने वाली 'सैयारा' 579.23 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है। टॉप 10 की लिस्ट में सिर्फ चार हिंदी फिल्मों ने उपस्थिति दर्ज की है। इनमें- छावा, सैयारा, वॉर और सितारे जमीन पर का नाम शामिल है।

**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम:** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी 'कांतारा चैप्टर 1' धुआं उड़ा रही है। यह फिल्म 600 करोड़ क्लब में एंट्री लेने वाली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक भारत में इसने 583.92 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह फिल्म साल 2022 में आई ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' का ही प्रीक्वल है।

# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में रैपर बैड का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉर्ड्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉर्ड्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं।

***बैड बनी को मिले कौन-कौन से अवॉर्ड्स?*** : दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो'जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉर्ड्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है। केवल बैड बनी ही नहीं, बल्कि लैटिन म्यूजिक के दूसरे सितारे भी इस रात अपनी चमक बिखेरते नजर आए। राउ एलेजांद्रो को कई अहम श्रेणियों में फाइनलिस्ट घोषित किया गया, जिनमें आर्टिस्ट ऑफ द ईयर और टूर ऑफ द ईयर जैसी कैटेगरी शामिल थीं। वहीं, करोल जी ने भी अपने लोकप्रिय गीत 'सी आंतेस ते उबिएरा कोनोसीदो' के लिए पांच नामांकन हासिल किए और छह अवॉर्ड्स जीतकर महिलाओं के वर्ग में इतिहास रच दिया।



## बैड ने जीत के बाद क्या कहा?

इस अवॉर्ड नाइट की खास बात यह रही कि लैटिन म्यूजिक ने न सिर्फ अपनी परंपरा बल्कि आधुनिकता का भी संगम पेश किया। मंच पर जब बैड बनी ने अपनी जीत का आभार व्यक्त किया, तो उन्होंने कहा, 'ये अवॉर्ड्स सिर्फ मेरे नहीं हैं, ये उन सभी कलाकारों के हैं जो लैटिन संगीत को विश्व मंच पर ले जा रहे हैं।' वहीं इस दौरान करोल जी ने भी मंच से कहा कि लैटिन महिलाओं के लिए यह दौर नया इतिहास लिखने का है- जहां आवाजें सीमाओं से परे जा रही हैं।

## प्रमुख श्रेणियों के विजेताओं की सूची

| अवॉर्ड श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (न्यू) | नेटन वेगा |
| टूर ऑफ द ईयर | शकिरा |
| क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बेनी ब्लांको |
| ग्लोबल 200 लैटिन आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| ग्लोबल 200 लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | कारोल जी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (पुरुष) | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (महिला) | कारोल जी |

## शकिरा को 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड

शकिरा, जिनकी टूरिंग स्टाइल और मंच पर उपस्थिति आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, उन्हें इस दौरान 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला। वहीं बेनी ब्लांको को क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला, जिन्होंने लैटिन और मुख्यधारा संगीत को आपस में जोड़ने में काफी अहम भूमिका निभाई है।

## लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक भोजपुरी इंडस्ट्री में भी छाई हुई है पूरी तरह

# साड़ी पहन अक्षरा ने किया नहाय खाय, पवन ने जोड़े हाथ

***मुंबई।** भक्ति, आस्था और लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक इस बार भोजपुरी इंडस्ट्री में भी पूरी तरह छाई हुई है। जैसे ही घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजे, वैसे ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी सितारों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने लगे। पवन सिंह, अक्षरा सिंह, आम्रपाली दुबे, दिनेश लाल यादव निरहुआ और काजल राघवानी जैसे कलाकार इस बार भी अपने-अपने अंदाज में भक्ति की छटा बिखेरते दिखे।*

## गानों से बढ़ाई श्रद्धा की मिठास

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह हर साल की तरह इस बार भी छठ महापर्व पर अपने नए गीतों के साथ हाजिर हुए। उन्होंने दो गाने रिलीज किए- 'घाट चले मोदी-नीतीश' और 'कौन कलमवां से लिखलवा करमवां'। गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गए। पवन सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जय छठी मइया, सब पर कृपा बनाकर रखना।' उनके गीतों की लोकप्रियता इतनी है कि हर घाट पर अब उनके सुर गूंज रहे हैं। भक्ति और लोकधुन का यह संगम उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

## साझा किया नहाय खाय का वीडियो

भोजपुरी की लोकप्रिय अदाकारा अक्षरा सिंह ने एक बार फिर अपनी सादगी और श्रद्धा से लोगों का दिल जीत लिया। इस बार वह छठ पूजा में पारंपरिक साड़ी, मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी लगाए दुल्हन की तरह सजीं। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए लिखा- नहाय-खाय छठ पूजा की आध्यात्मिक यात्रा की पहली सीढ़ी है। इस दिन व्रती मां छठी और सूर्य देव से आशीर्वाद मांगती हैं कि आने वाले चार दिनों तक वे नियम, भक्ति और शुद्धता बनाए रखें। यह आस्था का वह क्षण है जहाँ हर व्रती अपने जीवन की नकारात्मकता को पीछे छोड़, नवऊर्जा के साथ नई शुरुआत करती है।



## आम्रपाली और निरहुआ का इमोशनल वीडियो

इस बार छठ पर्व पर रिलीज हुआ आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का म्यूजिक वीडियो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में आम्रपाली एक गर्भवती महिला की भूमिका में नजर आती हैं, जो अपने बच्चे की सलामती के लिए छठी मैया से प्रार्थना करती है। गाने की कहानी, भावनाएं और लोकधुन दर्शकों को रुला देने वाली है। यही वजह है कि लोग इसे 'साल का सबसे भावनात्मक छठ गीत' कह रहे हैं।

## काजल राघवानी ने बताया छठ का अर्थ

भोजपुरी इंडस्ट्री की एक और चर्चित एक्ट्रेस काजल राघवानी ने इस बार अपने सोशल मीडिया वीडियो में छठ के महत्व को बड़ी खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि, "छठ मेरे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक रिश्ता है जो मुझे मेरी मिट्टी, मेरे बचपन और मेरी मां से जोड़ता है।" उनके इस वीडियो को फैंस ने दिल से अपनाया और खूब शेयर किया।

## भोजपुरी इंडस्ट्री में छठ का उत्सव

हर साल की तरह इस बार भी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री छठ की भक्ति में रंगी हुई नजर आई। सितारों ने अपने-अपने अंदाज में छठी मइया के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कहीं घाटों पर लोकगीत गूंजे तो कहीं सोशल मीडिया पर गीतों और तस्वीरों का मेला लगा। भोजपुरी कलाकारों का यह जोश और भक्ति भाव बताता है कि ये त्योहार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कृति का उत्सव है।

**खबर संक्षेप**

## चुनावी वायदे पूरा नहीं कर पाए सीएम : इंदौरा

**सिरसा।** पूर्व सांसद डॉ. सुशील इंदौरा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने चुनावी घोषणा पत्र में बड़े-बड़े वायदे प्रदेश की जनता से किए थे, लेकिन एक साल का समय बीत जाने के बाद अभी तक भी उन्होंने कोई वायदा पूरा नहीं किया। इंदौरा ने पूछा कि क्या दो लाख लोगों को नौकरी मिल गई? उन्होंने पूछा कि कौशल रोजगार के तहत कार्यरत सभी कर्मचारी पक्के हो गए। महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100-2100 रुपये मिल गए? उन्होंने कहा कि स्कूल में जाओ तो टीचर नहीं, अस्पताल में जाओ तो डॉक्टर नहीं, यहां तक की सरकार ने कौशल रोजगार में आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं की, जिससे इस योजना में कार्यरत कर्मचारियों के सिर पर हमेशा बेरोजगारी की तलवार लटकती रहती है।

## 31 अक्तूबर को होगी रन फॉर यूनिटी

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर आगामी 31 अक्तूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा, जो शहीद भगत सिंह स्टेडियम सिरसा से सुबह 07 बजे आरंभ होगी। देश की एकता और अखंडता को समर्पित इस दौड़ में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान जिला में राष्ट्रीय एकता के ध्येय के साथ पदयात्राओं का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा एक नवंबर को हरियाणा दिवस पर भी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 गौरवशाली वर्ष को पूरे देशभर में विशेष उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस क्रम में जिले में भी देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विचार गोष्ठियां और जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

## डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में अयास करवाएगी फॉगिंग: चौटाला

**सिरसा।** डबवाली क्षेत्र में लगातार बढ़ते डेंगू और मलेरिया के मामलों को देखते हुए जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने अब इस अभियान की कमान खुद संभाल ली है। उन्होंने अपनी सामाजिक संस्था अयास के माध्यम से क्षेत्र के सभी डेंगू प्रभावित गांवों में फॉगिंग अभियान और फ्री हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित करवाने का निर्णय लिया है। इससे पहले दिग्विजय चौटाला ने उपायुक्त से बातचीत कर प्रभावित गांवों में मच्छरनाशी दवा का छिड़काव करवाने की मांग की थी लेकिन प्रशासन की लापरवाही को देखते हुए अब उन्होंने स्वयं इस कार्य की जिम्मेदारी उठाई है। उल्लेखनीय है कि अयास संस्था के माध्यम से दिग्विजय चौटाला समय-समय पर हेल्थ चेकअप, आई चेकअप और कैंसर स्क्रीनिंग कैंप जैसी सामाजिक गतिविधियां करवाते रहे हैं। अब संस्था द्वारा डेंगू नियंत्रण के लिए यह विशेष अभियान शुरू किया जाएगा।

## उत्पीड़न मामले में पति गिरफ्तार, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** महिला सुरक्षा और दहेज उत्पीडऩ विरोधी अभियान के तहत थाना सदर टोहाना पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान योगेश कुमार पुत्र रमेश कुमार, निवासी गांव कुकड़ावाली, जिला सिरसा के रूप में हुई है। थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि शिकायत के आधार पर योगेश कुमार पर फरेब, मारपीट, मानसिक उत्पीडऩ व दहेज मांगने के आरोप हैं। प्रार्थीया राम भतेरी पत्नी योगेश कुमार ने बताया कि शादी के बाद से आरोपी और उसके परिवार ने लगातार उसे परेशान किया, मारपीट की और दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और अन्य मूल्यवान वस्तुएं देने की धमकी दी। इसके साथ ही आरोपी ने प्रार्थीया को धारसूल कलां के घर से बाहर निकालने और जान से मारने की धमकियां भी दी। इस मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर 11 अक्टूबर को केस दर्ज किया गया था। मामले की जांच में आरोपी के परिवार के अन्य सदस्यों और प्रार्थीया के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराने की कोशिश भी सामने आई।

## फतेहाबाद में 8.73 लाख एमटी धान की आवक, पिछले साल हुई थी 7.43 लाख एमटी खरीद

# पिछले साल का रिकॉर्ड टूटा, इस बार 1.30 लाख एमटी ज्यादा हुई धान की खरीद

*तीन खरीद एजेंसियां धान की खरीद करने में जुटी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** अनाज मण्डी में धान से भरी बोरियां। फोटो : हरिभूमि

जिले की मण्डियों और खरीद केन्द्रों पर धान की आवक जोरों पर है। इस बार धान की खरीद ने पिछले साल की खरीद का रिकार्ड तोड़ दिया है। अब तक जिले में पिछले साल से 1 लाख 30 हजार एमटी ज्यादा धान की आवक हो चुकी है। जिले में तीन खरीद एजेंसियां फूड एंड सप्लाई डिपार्टमेंट, हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन एमएसपी पर धान की खरीद कर रही है। जिले में अब तक 8 लाख 73 हजार 346 एमटी धान की आवक हो चुकी है, जिसमें से 8 लाख 52 हजार 768 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है। इसमें से करीब 73.33 प्रतिशत यानि 6 लाख 40 हजार 4141 एमटी धान की लिफ्टिंग हो चुकी है जबकि 2 लाख 12 हजार 354 एमटी धान अब भी मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर पड़ा है। जिले में पिछले साल कुल 7 लाख 43 हजार 194 एमटी धान की खरीद की गई थी। बता दें कि सरकार द्वारा ग्रेड ए धान का सरकारी रेट 2389 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। फतेहाबाद जिले में फूड एंड सप्लाई, हैफेड और एचडब्ल्यूसी को सीएमआर के लिए 271 राइस मिलें अलाट की गई हैं। इनमें फूड एंड सप्लाई को 93, हैफेड को 88 व एचडब्ल्यूसी को 90 मिलें शामिल हैं। खरीद एजेंसियां अब तक 264 राइस मिलों के साथ एग्रीमेंट कर चुकी हैं, जिनमें फूड एंड सप्लाई द्वारा अब तक 91, हैफेड द्वारा 85 व एचडब्ल्यूसी द्वारा 88 मिलें शामिल हैं। जिले में अब तक 8 लाख 73 हजार 346 एमटी धान मण्डियों व खरीद केन्द्रों पर आया है जिसमें से 8 लाख 52 हजार 768 एमटी धान की खरीद की जा चुकी है। फूड एंड सप्लाई द्वारा 15852 किसानों से 3 लाख 25 हजार 760 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 70 प्रतिशत यानि 2 लाख 27 हजार 793 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 97 हजार 967 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। फूड एंड सप्लाई द्वारा 70 प्रतिशत किसानों को 546 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। हैफेड द्वारा 16732 किसानों से 2 लाख 71 हजार 461 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 77.26 प्रतिशत यानि 2 लाख 9 हजार 743 एमटी धान की उठान हो चुका है जबकि 61 हजार 718 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। हैफेड द्वारा 77 प्रतिशत किसानों को 497 करोड़ 29 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। एचडब्ल्यूसी द्वारा 18561 किसानों से 2 लाख 55 हजार 547 एमटी धान खरीदा है। इसमें से 79.39 प्रतिशत यानि 2 लाख 2 हजार 878 एमटी धान की उठान हो चुका है 52 हजार 669 एमटी धान मण्डियों में पड़ा है। 75 प्रतिशत किसानों को 460 करोड़ से ज्यादा का भुगतान हुआ है।

**पिछले 5 सालों में हुई खरीद**

| साल | कुल परचेज |
|---|---|
| 2020-21 | 628377 |
| 2021-22 | 667170 |
| 2022-23 | 926298 |
| 2023-24 | 926432 |
| 2024-25 | 743194 |

### मंडियों में केवल हरियाणा का ही बिकेगा धान



एसपी सिद्धांत जैन।

**फतेहाबाद।** जिले की मण्डियों में बाहरी राज्यों से धान आने की शिकायतों के बाद जिला पुलिस अलर्ट हो गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार जिलेभर के सभी चौकी एवं थाना प्रभारियों को सख्त आदेश जारी किए गए हैं कि किसी भी हालत में बाहरी राज्य का धान फतेहाबाद की मंडियों में न बेचा जाए। केवल हरियाणा प्रदेश का धान बिक्री की अनुमति होगी। यह कदम किसानों की मेहनत और उत्पादन की सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय मंडियों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। एसपी जैन ने कहा कि अंतरराज्यीय नाकों पर लगातार चेकिंग की जाएगी। ट्रक, वाहन या कोई भी संदिग्ध गतिविधि पुलिस की नजर से बच नहीं पाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी चौकी एवं थाना प्रभारी पूरी सतर्कता और सख्ती के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। पुलिस और प्रशासन के सहयोग से इस अभियान की सफलता सुनिश्चित की जाएगी।

### बाहर से आने वाले धान पर पुलिस रख रही नजर

**डबवाली।** डबवाली की मंडियों में धान की फसल की आवक शुरू हो गई है। जिसके तहत किसानों ने अपनी फसल को अपनी स्थानीय मंडियों में लाना शुरू किया गया है। स्थानीय किसानों को अपनी फसल की बिक्री में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े और उनके हितों को सुरक्षित रखा जा सके इसके लिए पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टर ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी अंतरराज्यीय नाकों पर कड़ी निगरानी रखें, जोकि हरियाणा में बाहरी राज्यों से धान की बिक्री पर रोक लगाई जा सके और फसल बिक्री प्रक्रिया में पारदर्शिता कायम रहे। उन्होंने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि हरियाणा की मंडियों में बाहरी राज्यों से धान की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहे।

## महिला को अपशब्द बोलने को लेकर विवाद दो भाइयों पर हमला कर किया घायल

**फतेहाबाद।** गांव हड़ौली में महिला को अपशब्द बोलने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने दो भाइयों पर हमला कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में रतिया पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव हड़ौली निवासी कुलदीप सिंह उर्फ बिल्ला ने कहा है कि 15-20 दिन पहले उनके परिवार से ही चरणी पुत्र बिट्टू ने उसकी मामी को गलत शब्द बोले थे। इस पर उसके भाई मानक ने चरणी को थप्पड़ मारा था। कुलदीप ने कहा कि गत दिवस शाम को उसका भाई मानक व वीरू राम गांव हड़ौली में दूध डेयरी से दूध लेने गए थे। जब वह वापस आ रहे थे तो मुख्तयार ने चरणी को थप्पड़ मारने की रंजिश को लेकर माणण को पकड़ लिया और थप्पड़ मारकर हाथापाई की। इसके बाद मानव व वीरू दोनों घर आ गए और सारी बात बताई। कुलदीप ने कहा कि इसके बाद जब वह अपने भाई मानक, पिता सुरजीत सिंह के साथ समझौते के लिए मुख्तयार के घर जा रहे थे तो गली में मुख्तयार सिंह खड़ा था। उसके साथ बिट्टू व वीरू नामक युवक भी थे। बाद में गुरमुख भी वहां आ गया।

- हड़ौली में वारदात, घायल मेडिकल कॉलेज रेफर

## शहीद रामकुमार बैनिवाल को दी श्रद्धांजलि शिविर में 65 युवाओं ने किया रक्तदान

*ग्राम पंचायत अलालवास में शहीद की याद में दो मिनट का मौन रखा, युवाओं ने दिखाया उत्साह*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



**रतिया।** अलालवास में रक्तदान करते युवा। फोटो : हरिभूमि

ग्राम पंचायत अलालवास द्वारा गांव वासियों के सहयोग से राजीव गांधी सेवा केंद्र अलालवास में शहीद रामकुमार युवा क्लब द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में शहीद राम कुमार बैनिवाल को 2 मिनट का मौन रख कर याद किया गया। शिविर में 65 यूनिट रक्त इक_ा हुआ। लाईफ लाईन ब्लड बैंक जीन्द से डाक्टरों की टीम ने इस रक्तदान शिविर में अपनी सेवाएं दी। उन्होंने बताया कि लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है।

ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरुरत मंद की मदद हो सकेगी। इस मौके पर प्रधान सत्यनारायण, राजेन्द्र कुमार डावला, रविंद्र, प्रदीप, कुलदीप, शिवकुमार, मुन्ना, सुभाष, विक्की, बनवारी लाल, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

## श्री श्याम बगीची में लगा निः शुल्क जांच शिविर



सिरसा। दांतों की जांच करते हुए दंत चिकित्सक।

**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री श्याम सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की ओर से दांतों की जांच शिविर का आयोजन किया गया।श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि बरनांला रोड स्थित गोयल डेंटल केयर से दंत विशेषज्ञ डॉ. वंदना गोयल ने अपनी सहयोगी सिया रानी व अनुराधा गोयल के साथ शिविर में आए हुए लोगों के दांतों की जांच की। डॉ. वंदना गोयल ने बताया कि सभी को अपने दांतों की अच्छे से देखभाल करनी चाहिए। सुबह और रात को दोनों समय ब्रश करना चहिए। रात को सोने से पहले अवश्य ही ब्रश करना चाहिए। मौसमी फल और सब्जियों का सेवन करना चाहिए। एक माह में एक बार दंत विशेषज्ञ को जरुर दिखाना चाहिए। यदि दांतों में ठंडा या गर्म लगता हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोल्ड ड्रिंक दांतों के लिए सबसे ज्यादा हानिकारक है। वहीं फास्ट फूड भी दांतों को नुकसान पहुंचाते है। शिविर में 52 लोगों के दांतों की निशुल्क जांच की गई। उन्हें निशुल्क दवाइयां भी दी गई।

## पुलिस ने नियमों की अवहेलना करने वालों के काटे चालान



**सिरसा।** यातायात पुलिस बुलेट चालक का चालान काटते हुए।

**डबवाली।** पुलिस द्वारा सडक़ सुरक्षा को सुनिश्चित करने व सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान में बुलेट पटाखा, ध्वनि प्रदूषण, ब्लैक फिल्म, ट्रिपल राइडिंग, लाइन चेंज व ड्रंकन ड्राइव के तहत वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके साथ ही आमजन को यातायात नियमों का पालन करने बारे जागरूक किया जा रहा है। यातायात प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि जो लोग वाहन चलाते समय यातायात नियमों के प्रति लापरवाही बरतते हैं, जिसकी वजह से हम खुद सहित दूसरों के जीवन को खतरे में डालते हैं। पुलिस का उद्देश्य चालान काटने का नहीं है, बल्कि आमजन की जिंदगी बचाना है। सडक़ों पर होने वाली दुर्घटनाओं में होने वाले जान-माल के नुकसान को कम करने के लिए पुलिस कटिबद्ध है। ऐसे में आमजन समाज के एक जिम्मेदार व समझदार नागरिक होने के नाते यातायात नियमों का पालन करें। वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस डबवाली द्वारा वाहन चालकों को जानकारी दी जा रही है। बस स्टैंड, ऑटो स्टैंड, ट्रक युनियन व शैक्षणिक संस्थानों में जाकर भी यातायात के नियमों के बारे में आमजन को जागरूक किया जा रहा है। फिर भी अगर कोई वाहन चालक यातायात के नियमों की उल्लंघना करता है तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इस अभियान के दौरान 20 से 26 अक्तूबर तक यातायात पुलिस डबवाली द्वारा मुख्य रूप से शराब पीकर ड्राइविंग के 2, ट्रिपल राइडिंग के 25, बुलेट पटाखा के 6, ओवर स्पीड के 110 व अन्य चालान काटे गए।

## देशभर से पहुंचे जैन समाज ने शहर में निकाली शोभायात्रा

*धन शीतल कैलाश प्रतिभा गुणगान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन*



**सिरसा।** शहर में कलश यात्रा निकालती हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

कालांवाली एसएस जैन सभा की ओर से रविवार को धन शीतल कैलाश प्रतिभा गुणगान दिवस मनाया गया। समारोह में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान सहित देशभर से सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समारोह से पूर्व शहर में कलश यात्रा निकाली गई।

शोभयात्रा एसएस जैनसभा से आरंभ हुई ओर प्रमुख बाजारों से होते हुए रेलवे फाटक के पास डॉक्टर मार्केट में पहुंची। जहां से यह यात्रा समारोह स्थल पर पहुंची। जैनसभा के सरंक्षक पारस जैन दुग्गड़ व नरेश गर्ग धर्मपुरा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान डॉ. शिव मुनि महाराज व जितेंद्र मुनि ने आशीर्वाद दिया गया।।ार्यक्रम में रूप दरबार, आत्म दरबार, आनंद दरबार, देवेंद्र दरबार, पदमसैन दरबार, धन दरबार, शीतल दरबार, कैलाश दरबार, प्रतिभा दरबार का अनावरण किया गया जोकि आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में नीलम जैन लुधियाना अध्यक्ष के तौर पर, विजय-आशा जैन दिल्ली मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## कृषि विभाग ने किसानों को पराली न जलाने के लिए प्रेरित किया



**सिरसा।** किसानों को पराली बनाने के बारे में जागरूक करते हुए।

**सिरसा।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की टीमों ने रविवार को गांव झोरडऩाली, देसू मलकाना, मल्लेकां, कालांवाली आदि में पहुंचकर किसानों को जागरूक करते हुए पराली प्रबंधन के उपाय बताए। किसानों को बताया कि पराली को खेतों में मिलाकर मिट्टी की सेहत को बेहतर बनाया जा सकता है। इससे न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ेगी बल्कि रासायनिक खादों पर खर्च भी कम होगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. सुखदेव सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन करने पर किसानों को 1200 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। सरकार द्वारा पराली प्रबंधन मशीनों पर सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रोटावेटर और बेलर-कम-रीपर बाइंडर जैसे आधुनिक यंत्र शामिल हैं। किसान इन उपकरणों का उपयोग कर पराली को खेत में ही समेट सकते हैं या उसकी गांठें बनाकर विभिन्न उद्योगों को बेच सकते हैं। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से वातावरण में जहरीली गैसें निकलती हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। धुएं से सांस, आंख और त्वचा संबंधी रोग फैलते हैं। इतना ही नहीं, पराली जलाने से खेत की मिट्टी खराब होती है।

**नियुक्ति** सनियाना मंडल के पांच कार्यकर्ता बने भूना मार्केट कमेटी सदस्य, बोले

# अनाज मंडियों के कामकाज को प्रभावी बनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना



**भूना।** मार्केट कमेटी के मनोनीत सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार ने भूना मार्केट कमेटी के मनोनीत 20 सदस्यों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में सनियाना मंडल के पांच भाजपा कार्यकर्ताओं को सदस्य पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार के इस निर्णय से क्षेत्र के व्यापारिक वर्ग और भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। रविवार को सरकार द्वारा जारी सूची के अनुसार, मार्केट कमेटी भूना में बलवंत सिंह बैजलपुर, मदनलाल गर्ग भूना, भागीरथ बैजलपुर, महेंद्र सिंह बैजलपुर, धर्मवीर नहला, राजेश धवन भूना, दिनेश आनंद गोरखपुर, विनोद कुमार टिब्बी, रघुवीर सिंह जांडली खुर्द, सुखविंदर सिंह रहनखेड़ी, रोहताश कुमार लहरिया, मोलूराम रूलानिया भूना, नंदलाल कंबोज भूना, सुभाष गैदर भूना, विजय कुमार भूना, धर्मपाल भूना और बलजीत सोनी सहित कुल 20 सदस्य शामिल किए गए हैं।

मार्केट कमेटी के चेयरमैन पद की जिम्मेदारी पहले ही राजबीर नहला को सौंपी जा चुकी है, जबकि कैलाश बंसल भूना को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा नायब तहसीलदार भूना को पदेन सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। सरकार का उद्देश्य मंडी के कामकाज को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना है, ताकि किसानों और व्यापारियों दोनों को इसका लाभ मिल सके।

### संगठन मजबूत होगा

नए सदस्यों के चयन से क्षेत्र में राजनीतिक और सामाजिक संतुलन बनाए रखने की भी कोशिश की गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार ने समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान देकर संगठन को मजबूत करने का काम किया है। वहीं व्यापारिक वर्ग ने उम्मीद जताई है कि नई मार्केट कमेटी के गठन से मंडी में विकास कार्यों को गति मिलेगी और किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से होगा। मार्केट कमेटी भूना का गठन लंबे समय से लंबित था, ऐसे में इस घोषणा से स्थानीय स्तर पर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं।

## स्केटिंग चैंपियनशिप में छाए बच्चे




**सिरसा।** हुड़ा सेक्टर 20 स्थित जेजी कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा स्केटिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों ने इनलाइन और क्वाड स्केटिंग की अलग-अलग आयु वर्गों की रेसों में गति और कौशल का परिचय देते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। फेडरेशन की अध्यक्ष डॉ. दीपिका सिहाग ने स्केटिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में जशन कंबोज (8 से 10, इनलाइन बॉयज) और अचिन्य गांधी (6 से 8, क्वाड बॉयज) ने अपनी-अपनी श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नक्षवीर सिंह (10 से 12, इनलाइन बॉयल) और रोहन (10 से 12, क्वाड बॉयज) भी अपनी-अपनी रेसों में अव्वल रहे।

**सूचना**

हम, लक्ष्मी देवी पत्नी श्री कृष्ण कुमार तथा श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री बिहारी लाल निवासी वार्ड नंबर-1, रेगर बस्ती, चार कुतुब गेट, हांसी, तहसील हांसी, जिला हिसार बयान करते हैं कि हमारा पुत्र शिवकुमार व पुत्रवधु सुमन रानी हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### तीन गांवों में रात में चोरी के मामले में दो काबू

**नारनौंद।** नारनौंद पुलिस ने पिछले दिनों तीन गांवों में रात के समय मोटर व बिजली का सामान चोरी मामले में दो युवकों को पकड़ा है। आरोपितों की पहचान नारनौंद के ही मुकेश व अनिल के रूप में हुई है। उनको कोर्ट ने जेल भेज दिया है। थाना नारनौंद में तैनात एएसआई जसवीर ने बताया कि आरोपियों ने चार सितंबर की रात को गांव पेटवाड़ के 17-18 खेतों से सोलर की तार व बिजली की तार व तीन समर्सिबल मोटर चोरी की थी व उसी रात गांव राखी खास के खेतों से मोटर का स्टार्टर, केबल, पाइप चोरी किए थे। 11 अक्टूबर की रात को गांव बुडाना के खेतों से तांबे की तार व स्टार्टर चोरी किए थे। 14 अक्टूबर की रात को गांव गुराणा से एक मोटर व तार चोरी किए थे।


**हिसार।** मौके पर उपस्थित संस्था के पदाधिकारी व सदस्य।

### बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री पहुंची

**हिसार।** 'हमारा प्यार हिसार' टीम ने बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए प्राप्त कपड़ों, बरतनों और अन्य आवश्यक सामान की छंटाई व पैकिंग का कार्य किया। यह सामग्री शहर के नागरिकों द्वारा संस्था के विभिन्न संग्रह केंद्रों पर पिछले दिनों में भेजी गई थी।
संस्था के सदस्यों को उस समय सुखद आश्चर्य हुआ जब एक दानकर्ता महिला रितू अग्रवाल ने पश्चिम बंगाल से भी ट्रांसपोर्ट के माध्यम से कपड़े और जूते भिजवाए।


**हांसी।** जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट में रागनी प्रस्तुत करती साक्षी।

### कल्चरल फेस्ट में ढाणा खुर्द की छात्रा रही प्रथम

**हांसी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणा खुर्द की कक्षा 6 की साक्षी ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गंगवा में आयोजित जिला स्तरीय कल्चरल फेस्ट में रागनी में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य-स्तरीय कल्चरल फेस्ट में अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्रिंसिपल अंजुला दहिया ने बताया कि इस सफलता के लिए बच्ची की स्वयं की मेहनत के साथ-साथ माता सोनिया का जुनून भी शामिल है।


**हांसी।** सैनीपुरा गांव में पौधरोपण करते प्रभारी सब इंस्पेक्टर रविकांत।

### पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**हांसी।** बरवाला रोड़ स्थित सिसाय पुल पुलिस चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रविकांत ने सैनीपुरा के ग्रामीणों के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गांव में विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार पौधे लगाए और पर्यावरण को स्वच्छ व हरित बनाए रखने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि वे आज लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करेंगे और भविष्य में भी ऐसे पर्यावरणीय कार्यक्रमों में बढ़-चढकर भाग लेंगे।

### हकृवि में तीन दिवसीय समूह बैठक 28 से

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय अनुसंधान परियोजना-एआईसीआरपी (मधुमक्खियां और परगणकरताओं) की वार्षिक समूह बैठक 28 से 30 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज करेंगे।
कीट विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ सुनीता यादव ने बताया कि समूह की बैठक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना-नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित की जाएगी।

---

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम हिसार के चीफ इंजीनियर ने सुनीं व्यापारी व उद्योगपतियों की समस्याएं

# चीफ इंजीनियर की अफसरों को फटकार, लोगों के फोन क्यों नहीं उठाते, दो दिन में एसडीओ को चार्जशीट करें


**हांसी।** विश्रामगृह में उद्योगपतियों की मीटिंग में समस्याएं सुनते चीफ राजेंद्र सभरवाल। फोटो : हरिभूमि

फोन न उठाने पर सिटी एसडीओ पर गरजे उद्योगपति, बोले- एसडीओ निकम्मा आदमी, फोन क्यों नहीं उठाता, दो दिनों में चार्जशीट करने के दिए आदेश, चीफ ने व्यापारियों का बनाया गया व्हाट्सएप ग्रुप, कहा- 15 दिन बाद फिर लौटेंगे हांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हांसी

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम हिसार के चीफ इंजीनियर राजेंद्र सभरवाल रविवार को हांसी विश्रामगृह पहुंचे, जहां उन्होंने शहर के व्यापारियों और उद्योगपतियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान व्यापारियों ने बिजली आपूर्ति में अव्यवस्था, लगातार कटौती और विभागीय अधिकारियों के उदासीन रवैये को लेकर नाराजगी जताई। व्यापारियों ने विशेष रूप से सिटी एसडीओ प्रमोद कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह किसी का फोन नहीं उठाते, समस्याओं का समाधान नहीं करते और भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। व्यापारी प्रवीन तायल सहित कई व्यापारियों ने कहा कि शहर में बिजली व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। फैक्ट्री मालिकों ने कहा कि लाखों रुपये बिल और किराया भरने के बावजूद उन्हें घंटों बिजली कटौती झेलनी पड़ती है। व्यापारियों ने कहा कि एसडीओ प्रमोद का रवैया जनता के प्रति असम्मानजनक है, और वे खुद को राजा समझते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के अधिकारी से पूरा शहर परेशान है और इनके कारण उद्योग-धंधे प्रभावित हो रहे हैं।

**व्यापारियों की बात सुनते ही चीफ इंजीनियर का गुस्सा फूटा :** व्यापारियों की बातें सुनते ही चीफ इंजीनियर राजेंद्र सभरवाल गुस्से में आ गए। उन्होंने मीटिंग के दौरान ही सिटी एसडीओ प्रमोद कुमार पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि शर्म नहीं आ रही तेरे को, निक्कमें आदमी फोन क्यों नहीं उठाता। चार्जशीट करो इसे और इसकी काल डिटेल निकलवाओ। उन्होंने एक्सईएन सुरेंद्र मेहरा को निर्देश दिए कि दो दिन के अंदर एसडीओ प्रमोद कुमार की चार्जशीट बनाकर हेडक्वार्टर भेजी जाए। सभरवाल ने कहा कि जब वे हिसार एसई थे, तब भी एसडीओ प्रमोद के खिलाफ शिकायतें आई थीं। ऐसा व्यवहार किसी और अधिकारी में नहीं देखा, पब्लिक सर्वेंट होकर जनता से दूरी बनाने वालों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### विभागीय लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त: चीफ

हांसी में बिजली आपूर्ति को लेकर लंबे समय से अव्यवस्था बनी हुई है और उद्योग क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा था। अब उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जहां ट्रांसफार्मर की आवश्यकता है, वहां तुरंत लगाया जाए।
फ्यूज उड़ने या जीओ स्विच की समस्या की शिकायतें भी शीघ्र हल की जाएंगी। राजेंद्र सभरवाल ने बताया कि व्यापारियों और उद्योगपतियों की समस्याओं के सीधे समाधान के लिए उन्होंने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया है, जिसमें सभी अपनी शिकायतें सीधे उनके पास भेज सकेंगे। उन्होंने कहा कि वह स्वयं इस ग्रुप की निगरानी करेंगे और शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करेंगे। चीफ इंजीनियर ने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में हांसी शहर में बिजली आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभागीय लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जो अधिकारी जनता से दूरी बनाकर चलते हैं, उन पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। राजेंद्र सभरवाल ने कहा कि वह 15 दिन बाद पुनः हांसी आएंगे और तब तक दिए गए सभी निर्देशों की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि विभाग जनता के लिए है, और अधिकारी तभी तक पद पर रहेंगे, जब तक जनता की सेवा करेंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में व्यापारी, उद्योगपति और बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।
**- राजेंद्र सभरवाल, चीफ इंजीनियर, बिजली निगम।**

### उद्योगों की बिजली समस्या जल्द होगी दूर

चीफ इंजीनियर ने कहा कि हांसी में बिजली आपूर्ति की स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां ट्रांसफार्मर की जरूरत है, वहां तुरंत लगाया जाए। फ्यूज उड़ने और जीओ स्विच की शिकायतों का तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि अब उद्योगों को बिजली कटौती की समस्या नहीं झेलनी पड़ेगी।
**व्यापारियों का बनाया गया व्हाट्सएप ग्रुप, स्वयं करेंगे निगरानी :** व्यापारियों और उद्योगपतियों की समस्याओं के समाधान के लिए चीफ इंजीनियर ने नया व्हाट्सएप ग्रुप बनाया। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी अपनी शिकायतें सीधे उस ग्रुप में भेज सकेंगे, और वह स्वयं उन पर निगरानी रखेंगे। सभरवाल ने कहा कि वह 15 दिन बाद फिर से हांसी आएंगे और विभागीय कामकाज की समीक्षा करेंगे।

---

## सुरेन्द्र व कुलदीप बिश्नोई सहित अनेक नेताओं ने जिला कार्यालय में सुनीं मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया एवं वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई सहित अनेक नेताओं ने रविवार सुबह जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना। इस अवसर पर अनेक नेता मौजूद रहे।
भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इससे पहले जिला कार्यालय पहुंचने पर प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, भाजपा वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई एवं जिला प्रभारी जवाहर सैनी का जिला महामंत्री कृष्ण सरसाना एवं जिला उपाध्यक्ष संजीव रेवड़ी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम सुना और पमोदी द्वारा इस कार्यक्रम में किए जा रहे विशेष उल्लेखों की प्रशंसा की। प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम प्रेरणा देने वाले होते हैं। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा रवि सैनी, राज हसीना, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, अशोक मित्तल, सुरेन्द्र सैनी, राजकुमार इंदौरा, देवेन्द्र शर्मा देव, सरोज सिहाग, प्रोमिला पूनिया, डॉ. दिव्या सेठी, रामचंद्र गुप्ता, मनदीप मलिक, प्रवीण सैनी, संदीप आज़ाद, मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा, सुनील वर्मा, डीएस पानू, कृष्ण बिश्नोई, रतन सैनी व सुरेश धूपवाला अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।


**हिसार।** जिला कार्यालय में मन की बात कार्यक्रम सुनते सुरेन्द्र पूनिया, कुलदीप बिश्नोई, जवाहर सैनी एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### ट्रक और बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौके पर मौत

**बरवाला।** अग्रसेन चौक के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जैसे ही यह दर्दनाक सूचना मृतक के गांव हंस नगर में पहुंची तो गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु नागरिक अस्पताल हिसार में भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव हंस नगर निवासी लगभग 32 वर्षीय अमरनाथ उर्फ मक्कड़ रविवार को अपनी बाइक पर किसी आवश्यक कार्य से बरवाला शहर आ रहा था। जब वो अग्रसेन चौक के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी बाइक सवार अमरनाथ ट्रक के टायर के नीचे कुचला गया।



## अवैध डेयरी संचालकों ने किया ने जीना मुश्किल

*अनेक राहगीरों को आ चुकी चोट, दूध निकालकर छोड़ देते हैं पशुपालक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

ऋषि नगर इलाके में चल रही अवैध डेयरियों के चलते यहां के निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके चलते कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। लोगों ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी 40 फुटा रोड के लोगों को हो रही है। यहां पर चार से पांच पशुपालकों ने सैकड़ों की संख्या में गाये रखी हुई है। यह लोग सुबह-शाम दूध निकाल कर गायों को चरने के लिए सड़कों पर छोड़ देते हैं जिसके चलते पूरे ऋषि नगर व सेक्टर 14 के पार्ट 2 में इन गायों का सारा दिन सड़कों पर कब्जा रहता है। इससे कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है।
यह पशुपालक सुबह एवं शाम को दूध निकालने के लिए पशु एकत्रित करते हैं तो उन्हें बेरहमी से पीटते एवं भागते हुए डेयरी तक लेकर आते हैं। इससे कई बार राहगीरों को भी चोट आ चुकी है। इसके अलावा यह लोग पशुओं को खाने के लिए कुछ नहीं देते लोगों द्वारा डाले गए चारे एवं गंदगी के ढेर पर यह गाय पल रही है। यह पशु सारा दिन लोगों के घरों के आगे ही पेशाब गोबर करते रहते हैं जिसके चलते पूरे इलाके में गोबर फैला रहता है। यहां के निवासी विरोध करते हैं तो डेयरी के मालिक व उनके कारिंदे झगड़े पर उतर आते हैं जिसके चलते इलाके के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गायों के कारण बच्चों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। इसके अलावा कई बार लोगों के साधनों को भी नुकसान पहुंच चुका हैं। ऐसा नहीं है कि नगर निगम और क्षेत्र पार्षद को जानकारी नहीं है परंतु निगम में बैठी काली भेड़े ही उनका बचाव करती है। निगम की गाड़ी जब भी पशुओं को पकड़ने के लिए निकलती है उनके पास एक से दो घंटे पहले ही सूचना आ जाती है जिसके चलते डेरी संचालक पहले ही सतर्क हो जाते हैं।


**हिसार।** ऋषि नगर में घूमती गाय।

---

## अशोक सैनी जिला प्रधान, ओमप्रकाश माल जिला सचिव निर्वाचित किया



**हिसार।** जाट धर्मशाला में आयोजित सर्व कर्मचारी संघ हिसार के 17वें त्रिवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन में अशोक सैनी को सर्वसम्मति से जिला प्रधान चुन लिया गया। इसके अलावा ओमप्रकाश माल को जिला सचिव और पवन कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। प्रतिनिधि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय किसान सभा के जिला सचिव दिनेश सिवाच और रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान मनोहर लाल जाखड़ ने वर्तमान सरकार की संवदेनहीनता, कर्मचारियों की मांगों के प्रति उदासीनता और दमनकारी मानसिकता पर विस्तारपूर्वक वक्तव्य रखा। पूर्व प्रधान सुरेंद्र यादव ने जिलाभर से पहुंचे प्रतिनिधियों का स्वागत और अभिनंदन किया। वित्त सचिव मास्टर पवन कुमार ने पूर्व कार्यकारिणी के कार्यकाल का लेखाजोखा प्रस्तुत किया। पर्यवेक्षक के तौर पर सर्व कर्मचारी संघ के राज्य कोषाध्यक्ष सुखदर्शन, राज्य उप प्रधान मास्टर प्रभु सिंह और सुशीला सिहाग ने चुनावी प्रकिया सम्पन्न करवाई और निर्वाचित पदाधिकारियों को ईमानदारी और निष्ठा के साथ उत्तरदायित्व निर्वहन की शपथ दिलाई। जिला कार्यकारिणी के निर्वाचित पदाधिकारियों में नगर निगम से बिशन सिंह वरिष्ठ उप प्रधान, विनोद दूहन और रवीना उप प्रधान, विनोद प्रभाकर व छबील दास मौलिया सहसचिव, शिवकुमार संगठन सचिव, प्रेस प्रवक्ता नूर मोहम्मद और प्रवीन सरोहा आडिटर और अन्य कार्यकारिणी सदस्यों में आजाद सिंह, सुमन देवी, वीरेंद्र कुमार देवेंद्र सिंह, सुभाष सिरोही को चुना गया।



### जवानों ने किया नेशनल पुलिस म्यूजियम का दौरा

**हांसी।** शहीद पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान एवं उनके अद्वितीय बलिदान को नमन करते हुए हांसी पुलिस के जवानों ने नेशनल पुलिस म्यूजियम, नई दिल्ली का प्रेरणादायक दौरा किया। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों ने देशभर के वीर पुलिस शहीदों के जीवन, योगदान और शौर्यगाथाओं को नजदीक से जाना। म्यूजियम भ्रमण के दौरान जवानों ने भारतीय पुलिस सेवा के गौरवशाली इतिहास, विभिन्न राज्यों की पुलिस की उपलब्धियों तथा बलिदान की कहानियों को देखा व समझा। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य पुलिस कर्मियों में सेवा भावना, देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को और प्रबल करना रहा, ताकि वे शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र की सेवा में समर्पित रहें।

## एनसीसी शिविर के दौरान रक्तदान सहित अनेक गतिविधियों का आयोजन


**हिसार।** शिविर के दौरान रक्तदान करती स्वयंसेवक व उन्हें संबोधित करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

तृतीय हरियाणा कन्या बटालियन एनसीसी की ओर से चौधरीवास स्थित हिन्दू हाई स्कूल में संचालित शिविर के पांचवे दिन में रविवार को विभिन्न शैक्षणिक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
कार्यक्रमों का शुभारंभ योग और एक रोमांचक क्विज़ प्रतियोगिता से हुआ, जिसमें कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने सामान्य ज्ञान एवं त्वरित निर्णय क्षमता का प्रदर्शन किया। इसके पश्चात हवलदार अमित ने मैप रीडिंग पर एक ज्ञानवर्धक कक्षा का संचालन किया, जिसमें उन्होंने कैडेट्स नक्शे का परिचय नक्शे के चिन्ह व प्रतीक, दिशा पहचानना, ग्रिड सिस्टम व ग्रिड रेफरेंस, पैमाने से दूरी मापना और भू-आकृति की तकनीकों से अवगत कराया। दोपहर सत्र में महाराजा अग्रसेन कॉलेज, अग्रोहा की चिकित्सा टीम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कैडेट्स ने इस पुनीत कार्य में अत्यंत उत्साह और जिम्मेदारी के साथ सहभागिता की।

## यूथ एशियन गेम कबड्डी में किसान के बेटे आर्यन ने जीता गोल्ड मेडल


**नारनौंद।** खिलाड़ी आर्यन लोहान को गदा भेंट करते ग्रामीण।

**नारनौंद।** गांव भैणी अमीरपुर निवासी आर्यन लोहान ने यूथ एशियन गेम्स के नेशनल कबड्डी में अंडर 18 आयु वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। थर्ड एशियन यूथ गेम 19 से 23 अक्टूबर तक बहरीन में आयोजित किए गए थे। विजेता खिलाड़ी का गांव में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। नपा चेयरमैन शमशेर कूकन, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन बिजेंद्र शर्मा, सरपंच प्रीतम लोहान ने बताया कि इस उपलब्धि से पूरी क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। नेशनल कबड्डी की टीम के चयन के लिए पिछले दिनों उत्तराखंड में ट्रायल हुई थी और ट्रायल में आर्यन लोहान का चयन अंडर 18 आयु वर्ग में भारतीय टीम में हो गया था। थर्ड एशियन यूथ गेम्स बहरीन में आयोजित किए गए। जिसमें देश की तरफ से खेलते हुए सभी मैचों में जीत हासिल की। फाइनल मुकाबला ईरान की टीम के साथ हुआ जिसमें ईरान की टीम को हराकर गोल्ड मेडल जीतने का काम किया। वह पिछले सात सालों से कबड्डी का अभ्यास कर रहे हैं।

---

**आस्था** | देवउठनी एकादशी पर होंगे धार्मिक कार्यक्रम

## श्री श्याम मंदिर में होगा भव्य संकीर्तन

- बेंगलुरु व कोलकाता से आए फूलों से श्री श्याम प्रभु का आलौकिक श्रृंगार किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हिसार

श्री श्याम प्रभु के प्रकटोत्सव के उपलक्ष में सेक्टर 16-17 स्थित श्री श्याम मंदिर में एक नवंबर को भव्य कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। सांय 4 बजे से रात्रि 10 तक चलने वाली भजन संध्यां मे मुरादाबाद से आमंत्रित भजन गायिका शिल्पी कौश्कि एवं श्री श्याम मंडल के सदस्य गण अपने भजन रस से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।


**हिसार।** कीर्तन के उपलक्ष्य में सजाया गया श्री श्याम मंदिर। फोटो : हरिभूमि

### आकर्षक लाइटिंग होगी

मंदिर कमेटी के प्रधान दिनेश बिंदल, सचिव रमेश मित्तल, सुभाष बंसल, त्रिलोक बंसल, आशीष जैन, राजकुमार जैन, सुभाष सैनी ओमप्रकाश गोयल ने बताया कि मंदिर प्रांगण फूलों से विशेष सजावट की जा रही है। बेंगलुरु व कोलकाता से आए फूलों से श्री श्याम प्रभु का आलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। पानीपत से जरी युक्त पोशाक मंगवाई गई है। मंदिर प्रांगण मे आकर्षक लाइटिंग की जा रही है। इस अवसर पर बाबा का आर्शीवाद लेने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। त्रिलोक बंसल ने बताया कि भक्तो में छप्पन भोग, ड्राई फ्रूट, फल, मिष्ठान आदि का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## ओशो ध्यान उपवन में साधकों ने समझी ध्यान की भूमिका

**हिसार।** साधकों के मार्गदर्शन के लिए ओशो ध्यान उपवन में ध्यान व स्वास्थ्य पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस ध्यान सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से साधकों ने हिस्सा लेकर संपूर्ण स्वास्थ्य में ध्यान की भूमिका को समझा और ध्यान विधियों का अभ्यास किया।

- अधिकतर बीमारियां मन से उत्पन्न होती, इसलिए संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए ध्यान कारगर उपाय : स्वामी संजय

इस दौरान ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने ध्यान के महत्व को स्पष्ट करते हुए उसे दिनचर्या में अपनाने का आह्वान किया। स्वामी संजय ने कहा कि मनुष्य के स्वास्थ्य में उसकी मानसिक अवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। दरअसल अधिकतर बीमारियां मन से उत्पन्न होती है। जो व्यक्ति नियमित रूप से ध्यान करता है और उसका मन शांत रहता है तो वह अपेक्षाकृत अधिक स्वस्थ व सहज होगा। उन्होंने बताया कि ध्यान स्वास्थ्य और समग्रता के लिए एक आध्यात्मिक तरीका है, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। देखा जाए तो ध्यान चेतना की विशुद्ध अवस्था है जो विचारों के बिना होती है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से ध्यान करने से इंसान न केवल मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है बल्कि शारीरिक रूप से भी लाभकारी है।


**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में आयोजित ध्यान सत्र में हिस्सा लेते साधक।

दरअसल ध्यान इंसान को शांत रखने और आंतरिक ऊर्जा बढ़ाने में सहायक है। देखा जाए तो ध्यान किसी भी क्रिया या एकाग्रता से कहीं अधिक गहरी अवस्था है। उन्होंने बताया कि सतगुरु ओशो ने संचित प्रवचनों में संपूर्ण स्वास्थ्य में ध्यान के महत्व को स्पष्ट किया है। ओशो के अनुसार ध्यान से संपूर्ण स्वास्थ्य प्राप्त करना संभव है क्योंकि वे मानते हैं कि बीमारी का एक बड़ा हिस्सा मन से आता है और ध्यान मन को स्वस्थ कर समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। ध्यान न केवल मन की शांति और एकाग्रता में सुधार करता है बल्कि मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली जैसे शारीरिक लाभ भी प्रदान करता है। ओशो ने संचित प्रवचनों में कहा है कि यदि कोई व्यक्ति इच्छा की शक्ति को बढ़ाए तो जो स्वेच्छा के बाहर है, वह भीतर आ जाएगा।